राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांकःप.14(66)(1)RSSB / अर्थना / मा.शि.वि. / पीटीआई ग्रेड–III / पा.जां / 2018 / 1148 दिनांक : 16-9-2019

कार्यालय आदेश

बोर्ड द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिये शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III (गैर अनुसूचित क्षेत्र एवं अनुसूचित क्षेत्र) सीधी भर्ती परीक्षा–2018 की परीक्षा दिनांक 30.09.2018 को आयोजित की गई थी। जिसका परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 29.01.2019 को जारी किया गया है। इस परीक्षा में अस्थाई रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों का सत्यापन शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 13.02.2019 से 19.02.2019 तक व दिनांक 10.06.2019 से 13.06.2019 तक एवं दिनांक 05.08.2019 से 07.08.2019 तक किया गया था। इसके उपरांत बोर्ड में अभ्यर्थियों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों से श्रेणी संशोधन, खेल अंक जुडवाने हेतु व बोर्ड में श्रेणी संशोधन, खेल अंक जुडवाने एवं कतिपय अनुपस्थित अभ्यर्थियों द्वारा बोर्ड में दस्तावेज सत्यापन एवं पात्रता जांच हेतु प्रस्तुत तर्कसंगत प्रार्थना पत्रों के आधार पर दस्तावेज सत्यापन एवं पात्रता जांच हेतु योग्य पाये गये निम्न अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निर्धारित निम्न कार्यक्रमानुसार शिक्षा विभाग द्वारा गठित टीमों के समक्ष **दस्तावेज सत्यापन एवं पात्रता जांच हेतु दिनांक 19.09.2019 को प्रातः 11.00 बजे स्थान राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, दुर्गापुरा, जयपुर में आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल खेल प्रमाण पत्रों / अन्य दस्तावेजों व उनकी प्रमाणित प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। दस्तावेज सत्यापन एवं पात्रता जांच हेतु उपस्थित होने हेतु अभ्यर्थियों के रोल नं. निम्नानुसार अंकित हैं।** अन्य विस्तृत जानकारी के लिये बोर्ड की वेबसाईट http://www.rsmssb.rajasthan.gov.in का अवलोकन करें:–

रोल नम्बरः–

500582 502192 503065 504233 504618 504853 505016 505597 505634 505779 506378 506697 507181
507373 507696 507733 507816 509141 509276 509372 510512 510630 511130 512337 512712 514189
515517 516365 521778 521813 521864 522185 523109

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय अभ्यर्थी निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखे :–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट http://www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III सीधी भर्ती परीक्षा– 2018 के लिये दिनांक 04.05.2018 को जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले। विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र एवं निर्देश तथा विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाइट http://www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी। विस्तृत आवेदन की एक प्रति के साथ 100 / रू. का भारतीय पोस्टल ऑर्डर, सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम से संलग्न करना है।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, श्रेणी (अनुसूचित जाति, अनु. जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग), विशेष श्रेणी(भूतपूर्व सैनिक,उत्कृष्ट खिलाडी, विशेष योग्यजन, अनुसूचित क्षेत्र), चरित्र, वैवाहिक स्थिति(विधवा, परित्यकता), संतान संबंधी, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।**
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।

उपसचिव